बिहार विधान परिषद् सचिवालय

<u>आवश्यक सूचना</u>

विज्ञापन सं.-04/2023

(कार्यालय परिचारी के विभिन्न संवर्गों के पद पर सीधी भर्ती हेतु)

बिहार विधान परिषद् सचिवालय के विज्ञापन संख्या -04/2023 के अंतर्गत अलग-अलग संवर्गों में कार्यालय परिचारी (दरबान), कार्यालय परिचारी (फरास), कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी) एवं कार्यालय परिचारी (माली) के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है :-

1. बिहार विधान परिषद् सचिवालय के विज्ञापन सं.-04/2023 के आलोक में अंतर्गत अलग-अलग संवर्गों में कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी), कार्यालय परिचारी (दरबान), कार्यालय परिचारी (माली), एवं कार्यालय परिचारी (फरास) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 26.12.2023 से दिनांक 05.01.2024 तक को बिहार विधान परिषद् सचिवालय के नवविस्तारित भवन में आयोजित है।
2. साक्षात्कार के लिए प्रवेश-पत्र **(Admit Card)** बिहार विधान परिषद् की वेबसाईट <u>http://www.biharvidhanparishad.gov.in</u> पर दिनांक 19.12.2023 मंगलवार को 06:00 बजे अप. से उपलब्ध रहेगा
3. आवेदक अपना **Registration Id** एवं **Password** के द्वारा ऑनलाईन लॉग-ईन के माध्यम से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<u>आवेदकों को डाक से (By Post) प्रवेश-पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।</u>

4. उपर्युक्त के संबंध में विस्तृत सूचना बिहार विधान परिषद् के वेबसाईट <u>http://www.biharvidhanparishad.gov.in</u> पर उपलब्ध है।

---

1. भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर संदर्भ हेतु परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र की प्रति अलग से अपने पास रखेंगे।
2. परीक्षार्थी साक्षात्कार के केन्द्र पर पहचान-पत्र जिससे आपकी पहचान स्थापित की जा सके यथा आधार कार्ड , मतदाता पहचान-पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि के साथ उपस्थित होंगे।
3. प्रवेश-पत्र एवं पहचान-पत्र (मूल प्रति में) के बिना साक्षात्कार केन्द्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। पहचान-पत्र की छायाप्रति मान्य नहीं होगी।
4. परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से 120 मिनट पूर्व साक्षात्कार केन्द्र पहूंचेंगे। निर्धारित समय सीमा के बाद परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

5. साक्षात्कार केन्द्र में घड़ियां, पुस्तकें, कागज के टुकड़े, पत्रिकाएं, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स तथा मोबाईल फोन, ब्लूटुथ डिवाइस, हेडफोन, पेन- बटन होल कैमरा, स्कैनर, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस, डिजिटल डायरी आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री अभ्यर्थी के पास पायी जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।
6. परीक्षार्थी को साक्षात्कार केन्द्र पर तलाशी की प्रक्रिया (Frisking) से गुजरना होगा।
7. परीक्षार्थी अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन में दर्ज करेंगे अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।
8. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई परीक्षार्थी सक्षम पदाधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना बाहर जाते हैं तो उन्हें पुन: प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।
9. यदि किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारणवश साक्षात्कार विलम्ब से शुरू होती है या बीच में बाधित हो जाती है तो अभ्यर्थियों को सक्षम पदाधिकारी द्वारा दिए जाने वाले अनुदेशों का अनुसरण करना अनिवार्य होगा। उन्हें समस्या का उपयुक्त समाधान होने तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।
10. साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने पर परीक्षार्थी संबंधित पदाधिकारी द्वारा दिए गए सभी अनुदेशों का सख्ती से अनुपालन करेंगे। यदि कोई परीक्षार्थी साक्षात्कार केन्द्र पर शांति भंग करते हुए पाए जाते हैं, तो उनकी अभ्यर्थिता तत्काल निरस्त कर दी जाएगी तथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
11. blcsrecruitment@gmail.com पर साक्षात्कार की तिथि से एक दिन पूर्व तक ई-मेल भेज कर साक्षात्कार से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
12. किसी भी परिस्थिति में साक्षात्कार की तिथि एवं समय बदलने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र पर आने-जाने हेतु कोई व्यय देय नहीं होगा।

> कोई भी सरकारी अथवा गैर सरकारी बाह्य व्यक्ति बिहार विधान परिषद् सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या- 06122215667 तथा ई- मेल: blc-bih@nic.in पर सूचित करें। ऐसे तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

३.३.१९४५
18.12.2023

(कमलेन्दु कुमार सिंह)
निदेशक
बिहार विधान परिषद्